भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 596

01 दिसम्बर, 2021 के लिए प्रश्न

धान की खरीद

596. श्री नामा नागेश्वर राव:

श्रीमती कविता मलोथू:

डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:

श्री दयाकर पसुनूरी:

डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 (रबी और खरीफ मौसम) के लिए धान खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों से भारत सरकार द्वारा खरीद किए गए धान का वर्ष-वार, मौसम-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) एफसीआई द्वारा पिछले वर्ष रबी सीजन में उत्पादित शेष 5 लाख टन चावल तेलंगाना से खरीद नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने वर्तमान खरीफ सीजन के दौरान तेलंगाना से चावल खरीद के लक्ष्य को 40 लाख टन से बढ़ाकर 90 लाख टन करने के लिए प्रधान मंत्री को पत्र लिखा है, जैसा कि पंजाब में किया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो उपर्युक्त अनुरोध पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): भारत सरकार द्वारा केंद्रीय पूल के लिए वर्ष 2021-22 के दौरान (खरीफ फसल) के लिए धान (चावल के संदर्भ में) की खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य 521.89 लाख टन है। रबी मौसम की शुरुआत के पहले रबी की फसल के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाता है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान, केंद्रीय पूल के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों से ख़रीदे गए धान (चावल के संदर्भ में) का वर्ष-वार, मौसम-वार, और राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-1 में दिया गया है।

(ग): केएमएस 2020-21 के रबी मौसम के दौरान, राज्य सरकार/इसकी एजेंसियों द्वारा 61.87 लाख टन चावल की रिकॉर्ड खरीद दर्ज की गई है जबकि राज्य सरकार के परामर्श से 55.00 लाख टन चावल कर लक्ष्य निर्धारित किया गया था। राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए गए अधिशेष चावल को केंद्रीय पूल स्टॉक के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम द्वारा स्वीकार किया जाता है।

(घ) और (ड.): जी हां। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य सचिवों के साथ दिनांक 17.08.2021 को आयोजित बैठक में अनुमानित उत्पादन, बिक्री योग्य अधिशेष और कृषिगत फसल पैटर्न पर विचार करके भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार और भारतीय खाद्य निगम के परामर्श से राज्य के लिए 40 लाख टन चावल की खरीद का अनुमान निर्धारित किया गया था। उत्पादन के अनुमान, बिक्री योग्य अधिशेष और कृषि फसल पैटर्न के आधार पर अनुमानित खरीद में वृद्धि या कमी निर्धारित की जाती है।

*****

लोक सभा में दिनांक 01.12.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 596 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

अनुबंध -I

केंद्रीय पूल के लिए चावल की खरीद

(आंकडे लाख टन में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2016-17			केएमएस 2017-18			केएमएस 2018-19			केएमएस 2019-20			केएमएस 2020-21#		
	खरीफ	रबी	कुल	खरीफ	रबी	कुल	खरीफ	रबी	कुल	खरीफ	रबी	कुल	खरीफ	रबी	कुल
आंध्र प्रदेश	25.88	11.36	37.24	27.87	12.13	40.00	29.61	18.45	48.06	32.05	23.28	55.32	31.71	24.96	56.67
तेलंगाना	11.04	24.92	35.96	12.23	23.95	36.18	27.08	24.82	51.90	31.55	42.99	74.54	32.66	61.87	94.53
असम	0.41	0.06	0.47	0.24	0.11	0.35	0.72	0.29	1.01	1.28	0.84	2.11	1.26	0.16	1.42
बिहार	12.34		12.34	7.93		7.93	9.49		9.49	13.41		13.41	23.84		23.84
चंडीगढ़	0.13		0.13	0.14		0.14	0.13		0.13	0.15		0.15	0.19		0.19
छत्तीसगढ़	40.22		40.22	32.55		32.55	39.71		39.71	50.53		50.53	46.73		46.73
दिल्ली									0.00						
गुजरात	0.01		0.01	0.01		0.01	0.09		0.09	0.14		0.14	0.74		0.74
हरियाणा	35.83		35.83	39.92		39.92	39.42		39.42	43.07		43.07	37.89		37.89
हिमाचल प्रदेश									0.00						
जम्मू एवं कश्मीर	0.08		0.08	0.13		0.13	0.09		0.09	0.10		0.10	0.26		0.26
झारखंड	1.39		1.39	1.43		1.43	1.53		1.53	2.55		2.55	4.28		4.28
कर्नाटक							0.59		0.59	0.37	0.05	0.41	1.38		1.38
केरल	3.08		3.08	1.92	1.37	3.29	2.50	2.15	4.65	2.16	2.66	4.82	2.58	2.62	5.20
मध्य प्रदेश	13.14		13.14	10.96		10.96	13.95		13.95	17.40		17.40	24.97		24.97
महाराष्ट्र	2.47	0.62	3.09	1.61	0.18	1.79	4.25	1.55	5.80	8.51	3.16	11.67	9.07	3.56	12.63
नागालैण्ड									0.00			0.00			0.00
ओडिशा	29.38	6.92	36.30	25.60	7.27	32.87	35.00	9.48	44.48	36.25	11.73	47.98	42.77	9.81	52.58
पुद्दुचेरी									0.000	0.00194	0.00074	0.00268			0.00
पंजाब	110.52		110.52	118.39		118.39	113.34		113.34	108.76		108.76	135.89		135.89
एनईएफ(त्रिपुरा)							0.07		0.07	0.09	0.06	0.14	0.08	0.09	0.16
राजस्थान									0.00						
तमिलनाडु	1.41	0.03	1.44	5.38	4.56	9.94	10.86	2.08	12.94	13.80	8.24	22.04	18.34	12.19	30.53
उत्तर प्रदेश	23.54		23.54	28.75		28.75	32.33		32.33	37.90		37.90	44.78		44.78
उत्तराखण्ड	7.06		7.06	0.38		0.38	4.62		4.62	6.82		6.82	7.18		7.18
पश्चिम बंगाल	19.22	0.01	19.23	13.64	3.09	16.73	17.21	2.58	19.79	15.18	3.21	18.38	15.73	3.17	18.89
अन्य									0.00						
अखिल भारत (योग)	**337.14**	**43.92**	**381.06**	**329.09**	**52.65**	**381.74**	**382.58**	**61.41**	**443.99**	**422.063**	**96.21**	**518.27**	**482.32**	**118.43**	**600.75**

दिनांक 25/11/2021 की स्थिति के अनुसार।